E-Mail ID cfgarhwalp@gmail.com, cfgarhwal555@gmail.com, Phone/Fex 01368-222566

# कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी

पत्रांकः– 382 /12-1 दिनांक, पौड़ी, अगस्त 16 ,2023.

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय– जनपद–रुद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अन्तर्गत चोपड़ा उड़ामाण्डा (पी0एम0जी0एस0वाई0) मोटर मार्ग से बनवालधार (जरम्वाड़) होते हुये बैंजी काण्डई (अनु0 बस्ती) तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.350 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में। **PROPOSAL NO.- FP/UK/ROAD/155241/2022**

सन्दर्भ– भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून का पत्रांक 8बी./यू.सी.पी./06/56/2023/एफ0सी0/340 दिनांक 13.06.2023

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी रूद्रप्रयाग वन प्रभाग द्वारा अपने पत्रांक 4283/12–1(2) दिनॉक 30.06.2023 एवं 475/12–1(2) दिनांक 05.08.2023 से अवगत कराया गया है कि भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा चाही गई सूचना अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रुद्रप्रयाग ने अपने पत्रांक–2027/16सी दिनांक 21.06.2023 एवं पत्रांक 2537/16सी दिनांक 01.08.2023 से प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय को निम्न प्रकार प्रेषित किया है, तथा ऑनलाईन पार्ट–। के Additional information detail के क्र0सं0–35 में ऑनलाईन अपलोड किया गया हैः–

| क्र. | आपत्ति | आपत्ति का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित मार्ग से लाभान्वित ग्राम पूर्व से ही एक मौजूदा मार्ग (existing road) से जुडे हुए हैं। अतः प्रस्ताव औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि प्रस्तावित मार्ग (जो कि लाभान्वित ग्राम को connectivity प्रदान करने के लिये दूसरा मार्ग होगा) की आवश्यकता का औचित्य प्रस्तुत करने का कष्ट करें। | प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग वन प्रभाग द्वारा अपने पत्रांक 4283/12–1(2) दिनॉक 30.06.2023, पत्रांक 475/12–1(2) दिनांक 05.08.2023 एवं प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि–बैंजी काण्डई ग्राम सभा का एक छोर कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग से संयोजित है, परन्तु उक्त मोटर मार्ग के किमी0 2 में अत्यधिक भूस्खलन होने से यह मोटर मार्ग ज्यादातर बाधित रहता है। उक्त भूस्खलन क्षेत्र की लम्बाई अधिक होने के कारण इसका उपचार किया जाना सम्भव नहीं है। (भूस्खलन जोन को गूगल मैप में अक्षांश व देशान्तर सहित दर्शाया गया है व लाईन प्लान संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। भूस्खलन जोन के अक्षांश व देशान्तर निम्नवत् है। Starting point $30^0$21'9.68"N, $79^0$6'5.85"E, End point $30^0$21'8.37"N, $79^0$5'57.09"E, ) अतः इस मोटर मार्ग के निर्माण हो जाने से यह कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग से चोपडा उडामाण्डा मोटर मार्ग पर एक लिंक मार्ग का कार्य करेगा, जिससे मोटर मार्ग के किमी0 2 में बाधित होने के उपरान्त भी आपातकाल की परिस्थिति में उक्त मोटर मार्ग से संयोजित होने वाली ग्राम सभाओं को लाभ प्राप्त होगा। साथ ही बैंजी काण्डई गांव की अनुसूचित बस्ती को भी संयोजकता प्रदान करेगा, जो कि अभी तक मोटर मार्ग से बंचित है।<br>यह भी अवगत कराना है कि इस क्षेत्र की जनता का मुख्य बाजार गौचर (चमोली) है, जिसकी दूरी लगभग 42 किमी0 है। इस लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हो जाने के उपरान्त यह दूरी मात्र 12 किमी0 ही रह जायेगी। जिस हेतु जनता द्वारा बार–बार इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही है। अतः जनहित में इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वनभूमि की स्वीकृति नितान्त आवश्यक है। |

अतः उपरोक्त प्रकरण में अपने स्तर से यथोचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

(पंकज कुमार)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त उत्तराखण्ड पौड़ी

JAIDEEP

फोन/ फैक्स नं0 01364 – 233505::
पता – माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक– 4283 /12-1(2) दिनांक 30/06/2023::

सेवा मे,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड,
पौडी।

विषय :– जनपद–रुद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अन्तर्गत चोपड़ा उड़ामाण्डा (पी0एम0जी0एस0वाई0) मोटर मार्ग से बनवालधार (जरम्वाड़) होते हुये बैंजी काण्डई (अनु0 बस्ती) तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.350 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में। **PROPOSAL NO.- FP/UK/ROAD/155241/2022**

सन्दर्भ :– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून की पत्र सं0–8बी/यू0सी0पी0/06/56/2023/एफ0सी0/340 दिनांक 13.06.2023।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में भारत सरकार से लगाई गई आपत्ति का निराकरण अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रुद्रप्रयाग ने उनके पत्रांक–2027/16सी दिनांक 21.06.2023 के द्वारा निम्न प्रकार प्रस्तुत किया है, तथा ऑनलाईन पार्ट–। के Additional information detail के क्र0सं0–35 में ऑनलाईन अपलोड किया गया है, जो निम्न प्रकार प्रेषित है–

| क्र.सं. | आपत्ति | आपत्ति का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित मार्ग से लाभान्वित ग्राम पूर्व से ही एक मौजूदा मार्ग (existing road) से जुडे हुए हैं। अतः प्रस्ताव औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि प्रस्तावित मार्ग (जो कि लाभान्वित ग्राम को connectivity प्रदान करने के लिये दूसरा मार्ग होगा) की आवश्यकता का औचित्य प्रस्तुत करने का कष्ट करें। | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि–बैंजी काण्डई ग्राम सभा का एक छोर कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग से संयोजित है, परन्तु उक्त मोटर मार्ग के किमी0 2 में अत्यधिक भूस्खलन होने से यह मोटर मार्ग ज्यादातर बाधित रहता है। उक्त भूस्खलन क्षेत्र की लम्बाई अधिक होने के कारण इसका उपचार किया जाना सम्भव नहीं है। अतः इस मोटर मार्ग के निर्माण हो जाने से यह कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग से चोपडा उडामाण्डा मोटर मार्ग पर एक लिंक मार्ग का कार्य करेगा, जिससे मोटर मार्ग के किमी0 2 में बाधित होने के उपरान्त भी आपातकाल की परिस्थिति में उक्त मोटर मार्ग से संयोजित होने वाली ग्राम सभाओं को लाभ प्राप्त होगा। साथ ही बैंजी काण्डई गांव की अनुसूचित बस्ती को भी संयोजकता प्रदान करेगा, जो कि अभी तक मोटर मार्ग से बंचित है।<br>यह भी अवगत कराना है कि इस क्षेत्र की जनता का मुख्य बाजार गौचर (चमोली) है, जिसकी दूरी लगभग 42 किमी0 है। इस लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हो जाने के उपरान्त यह दूरी मात्र 12 किमी0 ही रह जायेगी। जिस हेतु जनता द्वारा बार–बार इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही है। अतः जनहित में इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वनभूमि की स्वीकृति नितान्त आवश्यक है। |

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

उप वन संरक्षक,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग, रुद्रप्रयाग।

संख्या 4283 /दिनांकित।

प्रतिलिपि :– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रुद्रप्रयाग को उनके उक्त पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

O/C

पंजीकृत

ई, मेल :- dforudraprayag @gmail.com
फोन / फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक– 475 / 12(2) दिनांक 05 / 08 / 2023::

सेवा में,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड,
पौड़ी।

**विषय :–** **जनपद–रुद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अन्तर्गत चोपड़ा उड़ामाण्डा (पी0एम0जी0एस0वाई0) मोटर मार्ग से बनवालधार (जरम्वाड़) होते हुये बैंजी काण्डई (अनु0 बस्ती) तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.350 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में। PROPOSAL NO.- FP/UK/ROAD/155241/2022**

**सन्दर्भ :–** आपकी पत्र संख्या–61 / 12–1 दिनांक 10.07.2023।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में वांछित सूचना अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रुद्रप्रयाग ने उनके पत्रांक–2537 / 16सी दिनांक 01.08.2023 के द्वारा निम्न प्रकार प्रस्तुत किया है, तथा ऑनलाईन पार्ट–। के Additional information detail के क्र0सं0–36 में ऑनलाईन अपलोड किया गया है।

| क्र. सं. | आपत्ति | आपत्ति का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | बैंजी काण्डई ग्राम सभा का एक छोर कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग से संयोजित है, परन्तु उक्त मोटर मार्ग के किमी0 2 में अत्यधिक भूस्खलन होने से यह मोटर मार्ग ज्यादातर बाधित रहता है। उक्त भूस्खलन क्षेत्र की लम्बाई अधिक होने के कारण इसका उपचार किया जाना सम्भव नहीं है।<br>उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि भूस्खलन क्षेत्र को नक्शे / के0एम0एल0 फाईल में दर्शाना सुनिश्चित करें जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके। | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि– कोटखाल जगतोली मोटर मार्ग के किमी0 2 में पड़ने वाले भूस्खलन जोन को गूगल मैप में अक्षांश व देशान्तर सहित दर्शा दिया गया है व पृथक से लाईन प्लान भी संलग्न कर दिया गया है। भूस्खलन जोन के अक्षांश व देशान्तर निम्नवत हैं–<br>Starting point- 30$^{0}$21'9.68" N, 79$^{0}$6'5.85" E<br>End Point- 30$^{0}$21'8.37" N, 79$^{0}$5'57.09" E |

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

उप वन संरक्षक,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग, रुद्रप्रयाग।

**संख्या – / दिनांकित।**

**प्रतिलिपि :–** अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रुद्रप्रयाग को उनके उक्त पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग, रुद्रप्रयाग।

प्र0 9/8/2023
वन भूमि हस्तान्तरण
आ0 का0 करें।

कार्यालय वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त उत्तराखण्ड पौड़ी
1156
12-1
09/8/23